आकाशवाणी शिमला
05.7.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

मुख्यमंत्री

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में होने वाले उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे जबकि मतगणना 13 जुलाई को की जाएगी। ऐसे में इन विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार ज़ोरों पर चल रहा है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं द्वारा वोट मांग रहे हैं और आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज देहरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से कमलेश ठाकुर को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने अपने लगभग डेढ साल के कार्यकाल में 28 हजार से अधिक नौकरियां निकाली है जिनकी भर्ती प्रकिया शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में सरकारी क्षेत्र में और अधिक नौकरियां निकाली जाएंगी और भर्तियों में मैरिट व पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सत्ता में आने के बाद से राज्य के संसाधनों की लूट को बंद करने के लिए प्रयास किए और एक वर्ष में ही दो हजार दो सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्ति राजस्व प्राप्त किया है। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख भी किया।

अनुराग

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर से विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान के तहत स्वाहल, बजूरी, पांडवी, लंबलू और लाहलड़ी में चुनावी जनसभाएं कर लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। बाद में हमीरपुर में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे झूठी पार्टी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं और अग्निवीर योजना को लेकर भी सदन में झूठ बोला गया। अनुराग ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 25 हजार करोड़ रूपए का ऋण लिया है और प्रदेश पर अब तक 95 हजार करोड़ रूपए का कुल कर्ज हो चुका है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्यों में सबसे ज्यादा कर्ज हिमाचल प्रदेश पर है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि पार्टी का चुनाव प्रचार तेज गति से चल रहा है और तीनों विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप चुनाव में भाजपा जीत हासिल करेगी। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और सरकार कर्मचारियों को डराने धमकाने का काम कर रही है। बिंदल ने कहा कि उप चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस द्वारा किए जा रहे झूठे वायदों को जनता समझ चुकी है और लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस की झूठ की नीति पूरी तरह फेल हो गई। उन्होंने कहा कि देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर तीनों ही विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा।

सम्पूर्णता अभियान

नीति आयोग द्वारा देश के पांच सौ आकांक्षी ब्लॉकों और एक सौ 12 आकांक्षी जिलों के 12 प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों के लिए एक राष्ट्रव्यापी संपूर्णता अभियान शुरू किया गया है। ये अभियान 4 जुलाई से 30

सितम्बर तक चलेगा। तीन महीने तक चलने वाले इस व्यापक अभियान में स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास, शिक्षा सहित कई विषयों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इस अभियान में चयनित लोगों के प्रतिनिधियों के साथ जिला और ब्लॉक अधिकारी ग्राम सभाओं, नुक्कड नाटक, आहार मेला, स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी, पोस्टर निर्माण और कविता प्रतिस्पर्धा सहित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। इधर प्रदेश के आकांक्षी ज़िला चंबा में भी इस अभियान की शुरूआत की गई है और जिले के तीस्सा व पांगी ब्लॉकों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आकांक्षी ब्लॉक तीसा में आज नीति आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें चुराह उपमंडल के एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि सम्पूर्णता अभियान के माध्यम से आगामी तीन महीनों में 6 प्रमुख संकेतकों पर कार्य करना है और इस संबंध में सभी विभागों के साथ बैठक की गई है। इस अवसर पर नीति आयोग से आए विशेष सलाहकार अमितेश पांडे और जिला योजना अधिकारी जीवन सिंह भी मौजूद रहे।